STANDARD 10 HINDI – STUDY NOTES BASED ON KITE VICTERS FIRST BELL CLASS 2.0

EPISODE :2 ; DATE 07-07-2021

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) बीरबहूटी किस विधा की रचना है ?

उत्तर: कहानी

2) बीरबहूटी नामक कहानी किसके द्वारा लिखित हैं?

उत्तर: प्रभात

3) बीरबहूटी क्या है ?

उत्तर: बीरबहूटी लाल रंग का एक बरसाती कीड़ा है |

4) कहानी के आरंभ में किसका चित्रण है ?

उत्तर:बरसात के मौसम का चित्रणा |

5) खेतों और जंगलों के ऊपर क्या छाये हुए थे ?

उत्तर: खेतों और जंगल के ऊपर बादल छाये हुए थे |

6) आकाश कैसा था ?

उत्तर: आकाश मेघों से भरा था |

7) हवाएँ कैसी थी ?

उत्तर: हवाएँ गीली थी |

8) पेड़ों के तने कैसे थे ?

उत्तर:पेड़ों के तने गीले थे |

9) बाजरा के पत्तों की विशेषता क्या हैं ?

उत्तर:लंबे और पतले हैं |

10) उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था ।किन्हें?

उत्तर: बेला और साहिल को |

11) वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे।क्यों ?

उत्तर:बीरबहूटियों को खोजने के लिए }

12) बीरबहूटियों की विशेषताय क्या क्या है ?

उत्तर: सुर्ख , मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ |

धरती पर चलती- फिरती खून की प्यारी प्यारी बूंदे जैसी |

13) बीरबहूटी कहानी के मुख्य पात्र कौन कौन है?

उत्तर: बेला और साहिल |

14) वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर ,बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे ।उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे |

" बेला देखो , इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

“ तुम ने कुछ सुना बेला " ?

हाँ सुना।पहली घंटी लग गयी है " ।

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है" ।

कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें |

पटकथा

दृश्य- एक

स्थान : कस्बे से स्कूल जाने के बगल का खेत।

समय : सबेरे नौ बजे

[खेतों से भरा इलाका। दूर दूर तक खेत हैं | दस- ग्यारह साल के दो बच्चे बेला और साहिल खेत की मिट्टी में कुछ खोज रहे हैं |उनके पीठ पर बस्ता है । दोनों स्कूल की वर्दी पहने हैं ।]

साहिल : बेला ,देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारा रिबन जैसा लाल है |

बेला : दिखाओ तो | हाँ ठीक है।

[स्कूल सें घंटी बजने की आवाज़ आती है]

साहिल :(घबराकर) तुमने कुछ सुना बेला ?

बेला : हा सुना | पहली घंटी लग गई है |चलो देर हो जाएगी |

साहिल : लेकिन मुझे पैन में स्याही भरवानी है, दूकान से ।

बेला : तो चलो जल्दी |

[खेत की ज़मीन से उठकर दोनों बच्चे स्कूल के रास्ते पर आगे बढते है |]

15) फुलेरा जंक्शन कहाँ है ?

उत्तर: फुलेरा जंक्शन राजस्थान में जयपुर के नजदीक है।

16) फुलेरा जंक्शन की विशेषताएँ क्या क्या है?

उत्तर: फुलेरा जंक्शन सदा ही सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों से भरा हुआ दिखाई पड़ता है।

कस्बे की गलियाँ सूनी और तंग है | गलियों मे खामोश खडे बिजली के खंभे है |गलियों में मीठी घंटी बजाते फेरीवाले हैं |

17) बेला और साहिल क्यों दुकान जाते है ?

उत्तर: वे पैन में स्याही भरवाने के लिए दूकान जाते है।

18) दुकान जाते समय साहिल ने क्या किया?

उत्तर: पैन में जो स्याही थी उसे ज़मीन पर छिडक दिया |

19) बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए। दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर: साहिल ने पैन में नई स्याही भरवाने की इच्छा से उसमें बची स्याही को जमीन पर छिडक दिया | दूकान पहुँचने पर वहाँ स्याही नहीं थी | तब दूकानदार ने कहा कि बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि किसी वस्तु को मिलने की प्रतीक्षा में हमें पास की वस्तु को छोडना नहीं चाहिए | वह मूर्खता है। बिना सोच विचार करके कुछ भी नहीं करना चाहिए |

20) बेला और साहिल कितने दर्जे में पढते हैं ?

उत्तर: पाँचवें दर्जे में।

21) वाक्य पढें , आशय समझकर सही या गलत चिह्न लगाएँ |

a) साहिल ने दुकान से स्याही भरवाई | ☒

b) सारा आकाश मेघों से भरा था। ✓

c) पैन में बची स्याही को बेला ने जमीन पर छिड़क दिया | ☒

d) मूंगफलियों में पीले फूल हैँ | ✓

e) स्कूल के रास्ते में बेला और साहिल बीरबहूटियाँ खोजते थे | ✓

f) बीरबहूटियाँ सुर्ख, मुलायम और गदबदी होती है | ✓

g) बेला और साहिल स्कूल के लिए कुछ समय पहले निकल आते थे |✓

h) बीरबहूटियों का रंग बेला के रिबन के जैसा लाल है। ✓

i) नई चीजें मिलने की प्रतीक्षा में अपने पास की चीजों को नष्ट करना है। ☒

j) इस कहानी में बारिश के मौसम का वणन है |✓

22) निम्नलिखित विशेषण युक्त शब्दों से विशेषण को अलग करके लिखें ॥

1) सारा आकाश

2) गीली हवा

3) हरे खेत

4) छोटा बाजरा

5) पीले फूल

विशेषण युक्त	विशेषण
सारा आकाश	सारा
गीलाी हवा	गीली
हरे खेत	हरे
छोटा बाजरा	छोटा
पीले फूल	पीले

कठिन शब्दार्थ

बादल बरसना - മഴപെയ്യുക

बहुत सारा पानी - ധാരാളം വെള്ളം

बचा हुआ था- ബാക്കിയുണ്ടായിരുന്നു.

गीली हवा - നനഞ്ഞ കാറ്റ്

घूमना - ചുറ്റിക്കറങ്ങുക

पेड का तना - മരത്തിന്റെ തടി

बाजरा - ഒരു തരം ചെറു ധാന്യം

लंबे पतले पात - നീണ്ടുനേരിയ ഇലകൾ

पानी की बूँदे - വെള്ളത്തുള്ളികൾ

अटकी हुई थी - തങ്ങിക്കിടക്കുകയായിരുന്നു.

घुली हुई थी - അലിഞ്ഞുചേർന്നിട്ടുണ്ടായിരുന്നു.

कस्बा - ചെറുപട്ടണം

सुर्ख - ചുവപ്പ്

मुलायम -മാർദ്ദവമുള്ള

गदबदी - മിനുസമുള്ള

बस्ता - സ്കൂൾ ബാഗ്

भूरी जमीन- ബ്രൗൺ നിറമുള്ള മണ്ണ്

स्याही - മഷി

सवारी गाडी- യാത്രാവണ്ടി

मालगाडी—ചരക്കുവണ്ടി

खामोश- നിശബ്ദമായ

बिजली के खंभे - വൈദ്യുതിത്തൂണുകൾ

कतार - നിര

फेरीवाले - किसी वस्तु को लादकर गली गली मे घूमकर बेचनेवाले |

गधा - കഴുത

कुम्हार - मिट्टी के बर्तन बनाने वाला |

ड्रापर- ഫില്ലർ

ज़मीन पर छिडकना - നിലത്ത് കുടഞ്ഞ് കളയുക

खाली होना - കാലിയാവുക

****